VARDHMAN MAHAVEER OPEN UNIVERSITY
RAWATBHTA ROAD, KOTA -324010 (Rajasthan)

क्रमांक: वमखुविवि/खेल/2026/74

दिनांक: 18/11/2026

सूचना

विषय: अंतर विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिताओं हेतु फुटबॉल खिलाड़ियों के चयन ट्रायल के संबंध में।

भारतीय विश्वविद्यालय संघ (AIU) की सत्र 2026–27 की अंतर विश्वविद्यालय फुटबॉल खेल प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय की टीमों की सहभागिता हेतु खिलाड़ियों का चयन किया जाना है। इस संबंध में पंजीकरण कराने वाले एवं भाग लेने के इच्छुक विश्वविद्यालय के समस्त पात्र विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि संबंधित खेल विशेषज्ञों/चयनकर्ताओं की उपस्थिति में निम्न कार्यक्रमानुसार चयन ट्रायल आयोजित किए जाएंगे:

क्र. सं.	खेल एवं वर्ग	ट्रायल तिथि	स्थान	समय
1.	फुटबॉल—पुरुष	22/11/2026	वीर दुर्गादास मैदान , नांता ग्राउंड, कोटा	प्रातः 9:00 बजे से
2.	फुटबॉल—महिला	29/11/2026	वीर दुर्गादास मैदान, नांता ग्राउंड, कोटा	प्रातः 9:00 बजे से

विद्यार्थियों हेतु आवश्यक निर्देश:

1. संबंधित खेल के चयन ट्रायल में भाग लेने हेतु निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित हों।
2. विश्वविद्यालय का परिचय पत्र, वर्तमान सत्र में प्रवेश का प्रमाण, कक्षा 10वीं की अंकतालिका तथा फोटोयुक्त पहचान पत्र की मूल प्रतियां एवं छायाप्रतियां साथ लाएं।
3. संबंधित खेल की उपयुक्त पोशाक एवं आवश्यक व्यक्तिगत खेल सामग्री साथ लाएं।
4. खिलाड़ियों का चयन खेल दक्षता एवं ट्रायल में प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा। अंतिम पात्रता AIU के लागू नियमों तथा दस्तावेजों के सत्यापन के अधीन होगी।
5. चयन ट्रायल में भाग लेने मात्र से विश्वविद्यालय की टीम में चयन सुनिश्चित नहीं होगा।
6. विद्यार्थी कम से कम एक शैक्षणिक वर्ष की अवधि वाले स्नातक, स्नातकोत्तर अथवा डिप्लोमा पाठ्यक्रम में नामांकित हों। नामांकन की प्रकृति एवं पाठ्यक्रम संबंधी पात्रता AIU के लागू नियमों के अनुसार निर्धारित की जाएगी।
7. चयन ट्रायल में भाग लेने हेतु आने-जाने का यात्रा व्यय तथा आवास एवं भोजन का व्यय विद्यार्थियों को स्वयं वहन करना होगा।
8. आयु संबंधी पात्रता का निर्धारण सत्र 2026–27 के लिए AIU द्वारा निर्धारित आयु-सीमा एवं संदर्भ तिथि के अनुसार किया जाएगा।

खेल अधिकारी
वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा

VARDHMAN MAHAVEER OPEN UNIVERSITY Sports KOTA